झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची
वार्षिक माध्यमिक परीक्षा
(2023- 2024)
प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
Model Question Paper

कक्षा-12	विषय- भूगोल (Geography)	समय- 3 घंटा	पूर्णांक - 70

सामान्य निर्देश:-

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर दें।**
  Candidates should answer in their own words as much as possible.
- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
  All questions are compulsory.
- **कुल प्रश्नों की संख्या 48 है।**
  Total number of questions is 48.
- **प्रश्न 1 से 25 तक बहुविकल्पिय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है।**
  Question No. 01 to 25 are multiple choice questions, each question has four options. Select the correct option. Each question carries 01 mark.
- **प्रश्न संख्या 26 से 34 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही 7 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 1 अंक निर्धारित है।**
  Question numbers 26 to 34 are very short answer questions. Out of which it is mandatory to answer any 7 questions. Each question carries 01 marks.
- **प्रश्न संख्या 35 से 42 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही 6 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 3 अंक निर्धारित है।**
  Question numbers 35 to 42 are short answer questions. Out of which it is mandatory to answer any 6 questions. Each question carries 03 marks.
- **प्रश्न संख्या 43 से 48 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 5 अंक निर्धारित है।**
  Question numbers 43 to 48 are long answer questions. It is mandatory to answer any 4 questions. Each question carries 05 marks.

1.“मानव भूगोल मानव समाज और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है।" यह कथन किसका है?

a. फ्रेडरिक रैटजेल
b. एलेन सी सेंपल
c. विडाल-डी-ला-ब्लाश
d. अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट।

1. “Human geography is the synthetic study of relationship between human societies and earth’s surface.’’ whose statement is this ?

a. Friedrich Ratzel
b. Ellen Churchill Semple

c. Vidal de la Blach
d. Alexander Von Humboldt

2. रुको और जाओ निश्चयवाद संकल्पना किसने प्रस्तुत किया ?

a. ग्रिफिथ टेलर b. एलेन सी सेंपल

c. विडाल-डी-ला-ब्लाश d. लुसियान फैब्रे।

2. Who introduced the concept of stop and go determinism ?

a. Griffith Taylor b. Ellen Churchill Semple

c. Vidal de la Blach d. Lucian Fabre

3. 21वीं शताब्दी के प्रारंभ में विश्व की जनसंख्या कितनी दर्ज की गई थी ?

a. 500 करोड़ से अधिक b. 600 करोड़ से अधिक

c. 700 करोड़ से अधिक d. 800 करोड़ से अधिक।

3. What was the recorded population of the world at the beginning of the 21st century ?

a. More than 500 crores b. More than 600 crore

c. More than 700 crores d. More than 800 crores

4. निम्नलिखित में से मानव विकास सूचकांक का निर्माण किसने किया?

a. डॉ महबूब - उल -हक b. डॉ अमर्त्य सेन

c. डॉ मनमोहन सिंह d. एडम स्मिथ

4. Who among the following created the Human Development Index ?

a. Dr. Mehbub ul haq b. Dr. Amartya Sen

c. Dr. Manmohan Singh d. Adam Smithn

5. मानव विकास के मुख्य उपागमों में किसे सम्मिलित नहीं किया गया है?

a. आय उपागम b. कल्याण उपागम

c. न्यूनतम आवश्यकता उपागम d.उत्पादकता उपागम।

5. Which is not included in the main approaches to human development?

a. Income Approach
b. Welfare Approach
c. Minimum Requirements Approach
d. Productivity Approach

6. जंग का कटोरा निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को कहा जाता है ?

a. महान झील क्षेत्र b. पीटर्सबर्ग क्षेत्र

c. अलाबामा क्षेत्र d. अटलांटिक तट क्षेत्र।

6. Which of the following regions is known as the Bowl of rust ?

a. Great Lakes region
b. Petersburg area
c. Alabama region
d. Atlantic Coast Region.

7. आयात - निर्यात के बीच मूल्य में अंतर को क्या कहते हैं?

a. व्यापार संतुलन
b. असंतुलित व्यापार
c. विलोम व्यापार
d. अनुकूल व्यापार संतुलन

7. What is the difference in price between import and export called?

a. Trade Balance
b. Unbalanced Trade
c. Reverse Trade
d. Favorable Trade Balance

8. हिमाच्छादित क्षेत्र में स्लेज गाड़ी को खींचने के लिए किन पशुओं की मदद ली जाती है?

a. कुत्तों एवं रेनडियरों
b. घोड़ो एवं गधों
c. ऊंटों एवं जिराफों
d. बैलौं एवं भैंसों।

8. Which animals are used to pull the slej in snowy areas?

a. Dogs and reindeerv
b. Horses and donkeys
c. Camels and giraffes
d. Bullocks and buffaloes.

9. इनमे से कौन सा देश सार्क देशों में शामिल नही है?

a. भारत
b. पाकिस्तान
c. मालदीव
d. अफगानिस्तान

9. Which one of the country is not included in SAARC countries ?

a. India
b. Pakistan
c. Maldives
d. Afghanistan

10. भारत की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सी एक विशेषता नगर की परिभाषा का अंग नहीं है ?

a. जनसंख्या घनत्व 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

b. नगरपालिका, निगम का होना

c. 75% से अधिक जनसंख्या का प्राथमिक खंड में संलग्न होना।

d. जनसंख्या आकर 5000 व्यक्तियों से अधिक होना।

10. According to the Census of India, which one of the following characteristics is not a part of the Definition of a city?

a. Population density 400 people per square kilometer
b. Being a municipality, corporation
c. More than 75% of the population is engaged in the primary sector.
d. Population should exceed 5000 persons.

11. जमशेदपुर किस प्रकार का नगर है?

a. औद्योगिक नगर
b. खनन नगर
c. पर्यटन नगर
d. इनमें से कोई नहीं

11. What type of city is Jamshedpur?

a. Industrial city
b. Mining town
c. Tourist city
d. None of these

12. टुन्ड्रा क्षेत्र में एस्किमो द्वारा बर्फ के टुकड़ों से बनाए गए घर को क्या कहा जाता है?

a. क्रॉल
b. इग्लू
c. यूर्त
d. इनमें से कोई नहीं

12. What is the house built by Eskimos from pieces of ice in the tundra region called?

a. Crawl
b. Igloo
c. Yurt
d. None of these

13. निम्नलिखित बस्तियों के प्रतिरूप में से कौन सा सड़कों के किनारे विकसित होता है ?

a. आयताकार प्रतिरूप
b. टी - आकार प्रतिरूप
c. तारे के आकार का प्रतिरूप
d. रैखिक प्रतिरूप

13. Which of the following settlement patterns develops along roads?

a. Rectangular pattern
b. T - shape pattern
c. Star shaped pattern
d. linear model

14. निम्नलिखित में से कौन सा सिंचित क्षेत्र में भूमि निम्नीकरण का मुख्य प्रकार है?

a. अवनलिका अपरदन
b. वायु अपरदन
c. मृदा लवणता
d.भूमि पर सिल्ट का जमाव

14. Which of the following is the main type of land degradation in irrigated area?

a. Gully erosion
b. Wind erosion
c. Soil salinity
d. Deposition of silt on land

15. सामूहिक कृषि को सोवियत संघ में किस नाम से जाना जाता है?

a. फजेंडा
b. कोलखहोज
c. ट्रक फार्मिंग
d. पुष्पोत्पादन

15. Which name was collective agriculture known in the Soviet Union?

a. Fajenda
b. Kolkhoz
c. Truck farming
d. Floricultre

16. जल संसाधनों का संरक्षण क्यों जरूरी है?

a. जल की कमी के लिए
b. बढ़ती मांग और तेजी से फैलते प्रदूषण की दृष्टि से
c. स्थानिक और ऋतुवत असमानता
d . उपर्युक्त सभी

16. Why is conservation of water resources important?

a. For lack of water
b. In view of increasing demand and rapidly spreading pollution
c. Spatial and seasonal inequality
d. All of the above

17. 'स्वर्ण कॉलर' कहे जाने वाले व्यवसाय किस सेक्टर के उप- विभाग होते हैं?

a. प्राथमिक सेक्टर
b. द्वितीयक सेक्टर
c. तृतीयक सेक्टर
d. इनमें से कोई नहीं

17. Businesses called 'Golden Collar' are sub-departments of which sector?

a. Primary Sector
b. Secondary Sector
c. Tertiary Sector
d. None of these

18. उद्योगों की जननी किस खनिज को कहा जाता है?

a. लौह अयस्क
b. मैंगनीज
c. कोयला
d. तांबा

18. Which mineral is called the mother of industries?

a. Iron ore
b. Manganese
c. Coal
d. Copper

19. निम्नलिखित में से किस स्थान पर पहला परमाणु उर्जा स्टेशन स्थापित किया गया था ?

a. कलपक्कम
b. राणाप्रताप सागर
c. नरौरा
d. तारापुर

19. At which of the following places was the first nuclear power station established?

a. Kalpakkam
b. Rana Pratap Sagar
c. Narora
d. Tarapur

20. जल संभर विकास और प्रबंधन द्वारा चलाई जाने वाली कार्यक्रम नीरू - मीरु का संबंध किस राज्य से है?

a. राजस्थान
b. आंध्र प्रदेश
c. झारखंड
d. मध्य प्रदेश

20. With which state is Neeru-Meeru, a program run by Watershed Development and Management, related?

a. Rajasthan
b. Andhra Pradesh
c. Jharkhand
d. Madhya Pradesh

21. स्वेज नहर किन दो सागरों को आपस में जोड़ता है?

a. भूमध्य सागर - काला सागर
b. भूमध्य सागर - लाल सागर
c. भूमध्य सागर - अरब सागर
d. काला सागर - लाल सागर

21. Suez Canal connects which two seas?

a. Mediterranean Sea - Black Sea
b. Mediterranean Sea - Red Sea
c. Mediterranean Sea - Arabian Sea
d. Black Sea - Red Sea

22. निम्न में से कौन सा घास स्थल ऑस्ट्रेलिया में स्थित है?

a. प्रेयरी
b. डाउण्स
c. स्टेपी
d. वेल्ड

22. Which of the following grassland is located in Australia?

a. Prairie
b. Downs
c. steppe
d. Weld

23. प्रतिकर्ष और अपकर्ष कारक उतरदायी है –

a. प्रवास के लिए
b. गन्दी बस्तियों के लिए
c. भूमि निम्नीकरण के लिए
d. वायु प्रदुषण के लिए

23. Push and Pull factors are responsible for –

a. For migration
b. For slums
c. For land degradation
d. for air pollution

24. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी है?

a. 102.70 करोड़
b. 121.02 करोड़
c. 118.15 करोड़
d. इनमें से कोई नहीं

24. What is the total population of India as per 2011 census?

a. 102.70 crore
b. 121.02 crore
c. 118.15 crore
d. None of these

25. डायमंड हार्बर किस नदी पर स्थित है?

a. हुगली नदी
b. गंगा नदी
c. महानदी
d. गोदावरी नदी

25. Diamond Harbor is situated on which river?

a. Hooghly River
b. Ganges River
c. Mahanadi
d. Godavari River

अति- लघु उतरीय प्रश्न (Short Answer Type Question)

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही सात प्रश्नों का उतर दें |

(Answer any seven question from given below)

26. संभववाद क्या है ?

What is possibilism?

27. जनसंख्या वृधि को परिभाषित करें |

Define population growth

28. गहन कृषि किसे कहते हैं ?

What is Intensive farming?

29. विनिर्माण उद्योग से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by Manufacturing Industry ?

30. पल्ली बस्तियां किसे कहते हैं ?

What is Hamleted settlement ?

31. सततपोषणीय विकास क्या है ?

What is sustainable development ?

32. ऋतु प्रवास क्या है ?

What is seasonal migration ?

33. व्यापार संतुलन से आपका क्या तात्पर्य है?

What do you mean by trade balance?

34. औद्योगीकरण की प्रक्रिया से कौन से प्रदूषण मुख्य रूप से उत्पन्न होते हैं?

Which pollutants are mainly produced by the process of industrialization?

लघु उतरीय प्रश्न (Short Answer Type Question)

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छः प्रश्नों का उतर दें |

(Answer any six question from given below)

35. प्रकृति का मानवीकरण को स्पष्ट करें ?

Simplify the term Humanization of the Nature

36. जल परिवहन के तीन लाभ बताएं |

Mention the three advantage of water transport.

37. आकार के आधार पर उद्योगों को कितने वर्गो में विभाजित किया जाता है? किसी एक का संक्षिप्त वर्णन करें |

How many categories are industries divided into on the basis of size ? Briefly describe

anyone.

38. ग्रामीण बस्तियों के मुख्य समस्याओं को लिखें |

Write the main problems of rural settlelments.

. 39. शुष्क और आद्र कृषि में अंतर लिखें |

Write the difference between dry and wet agriculture.

40. पवन उर्जा पर संक्षिप्त टिप्पणी करे |

Write a short notes on wind energy .

41. खनिजों के संरक्षण एवं प्रबंधन क्यों आवश्यक है ?

Why conservation and management of minerals is necessary?

42. जल अथवा मृदा प्रदूषण की रोकथाम के लिए चार महत्वपूर्ण सुझाव दीजिए।

Give four important suggestions for prevention of water or soil pollution.

दीर्घ उतरीय प्रश्न (long Answer type question)
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उतर दें |
(Answer any Four question from given below)

43. जनसंख्या वृद्धि से आप क्या समझते हैं ? इनके घटकों की विस्तृत व्याख्या कीजिए |

What do you understand by population growth? Explain its components in details.

44. उद्योगों के स्थानीयकरण को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए ?

Elaborate the factor affecting the location of industries?

45. ग्रामीण एवं नगरीय बस्ती किसे कहते हैं ? इसकी विशेषताएं बताएं |

What is rural and urban settlelment ? Describe its characteristics.

46. प्रवास क्या है ? इसके कारणों की विवेचना कीजिए |

What is migration? Describe its Causes.

47. परिवहन एवं संचार सेवाओं के महत्व का सविस्तार वर्णन कीजिए।

Describe in detail the importance of transport and communication services.

48.विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शायें :-
Show the following on the world map :-

a. अलास्का (Alaska)
b. मेक्सिको की खाड़ी (Mexico)
c. जापान (Japan)
d. केपटाऊन (keptaun)
e. मुंबई (Mumbai)

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची

Answer Sheet – Geography

Class-12 (MCQ)

(2023 -24)

1	a. फ्रेडरिक रेटजेल
2	a. ग्रिफिथ टेलर
3	b 600 करोड़
4	a. डॉ महबूब उल हक
5	d. उत्पादकता उपागम
6	b. पिट्सबर्ग क्षेत्र
7	a. व्यापार संतुलन
8	a. कुतों एवं रेनडियरों
9	d. अफगानिस्तान
10	c..75 % से अधिक जनसंख्या का प्राथमिक खंड में सम्मिलित होना
11	a. औधोगिक नगर
12	b. इग्लू
13	d. रैखिक प्रतिरूप
14	c. भूमि लवणता
15	b. कोलखहोज
16	d. उपर्युक्त सभी
17	c. तृतीयक सेक्टर
18	a. लौह अयस्क
19	d. तारापुर
20	b. आन्ध्र प्रदेश
21	b. भूमध्य सागर – लाल सागर
22	b. डाउंस
23	a. प्रवास के लिए
24	b. 121.02 करोड़
25	a. हुगली नदी

नवोन्मेष शोध नेतृत्व JCERT